


# नागरी बुलेटिन

त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका

अंक 11 (जुलाई – सितंबर 2024)

देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गुलावठी, बुलंदशहर (उ.प्र.)

(संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

**संरक्षक**

प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी (प्राचार्य)

नागरी बुलेटिन एक त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका है जिसे देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, जनपद बुलंदशहर द्वारा जारी किया जाता है।

© देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी 2024
सर्वाधिकार सुरक्षित।

**Designed and Prepared By**

Bhavnit Singh Batra, Assistant Professor (Economics)

# Institutional Head



**Shri Narendra Kumar**

**President, College Management Committee**



**Prof. Yougesh Kumar Tyagi**

**Principal**

# College Faculty



**Mr. Atul Tomar**

**Assistant Professor**

**Department of Mathematics**



**Dr. Vinita Garg**

**Assistant Professor**

**Department of Chemistry**



**Dr. Mahendra Kumar**

**Associate Professor**

**Department of English**



**Dr. Pushpendra Kumar Mishra**

**Assistant Professor**

**Department of Political Science**



**Dr. Awadhesh Kumar Singh**

**Assistant Professor**

**Department of Physical Education**



**Mr. Peeyush Tripathi**

**Assistant Professor**

**Department of Political Science**



**Mr. Haridutt Sharma**
**Assistant Professor**
**Department of Sanskrit**



**Mr. Bhavnit Singh Batra**
**Assistant Professor**
**Department of Economics**



**Dr. Sandeep Kumar Singh**
**Assistant Professor**
**Department of Hindi**



**Dr. Vinay Kumar Singh**
**Assistant Professor**
**Department of Chemistry**



**Mr. Naresh Kumar**
**Assistant Professor**
**Department of Physics**



**Mr. Navin Tomar**
**Assistant Professor**
**Department of Physical Education**



**Mr. Krishna Kumar**
**Assistant Professor**
**Department of Sociology**



**Dr. Harish Kumar Kasana**
**Assistant Professor**
**Department of Hindi**



**Mr. Shashi Kapoor**
**Assistant Professor**
**Department of Sociology**



**Mr. Shyam Prakash**
**Assistant Professor**
**Department of Mathematics**



**Mr. Amit Kumar**
**Lecturer**
**M.A. Economics (Self-Finance)**

**24-Jul-2024-** Tree Plantation Drive by NSS and Rovers & Rangers Unit of the College

# रोवर्स तथा रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में देवनागरी महाविद्यालय में किया पौधा रोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** इस थीम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास 1200 वृक्षों का रोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने वृक्षारोपण के बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्याओं से निजात पाने ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना आवश्यक है। उन्होंने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण लिए पर्यावरण अनुकूल जीवन



शैली अपनाने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने की सलाह दी। उन्होंने इस प्रयास के लिए कार्यक्रम के संयोजक डॉ महेंद्र कुमार रोवर्स लीडर डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह तथा रेंजर्स लीडर डॉ विनीता तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरीश कसाना की सराहना भी की। अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र कुमार, पीयूष त्रिपाठी, हरि दत्त शर्मा, डॉ संदीप कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, डॉ विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, नवीन तोमर, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश तथा अमित कुमार आदि प्राध्यापक तथा अलीशा, सुमैय्या, रिया, अर्पिता, अनुज अंबेडकर आदि उपस्थित रहे।

**25-Jul-2024-** Smartphone distribution

# चेयरमैन शैलेश तेवतिया ने विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया

## डीएनपीजी कॉलिज में विद्यार्थियों को किया गया मोबाइल टैबलेट का वितरण





**गुलावठी (हरीश सैनी)।** देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मोबाइल टैबलेट के वितरण कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ। ज्ञात है कि इसके पूर्व ६ मार्च को इस कार्यक्रम का प्रथम चरण का आयोजन किया गया था। दूसरे चरण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेश तेवतिया रहे। कार्यक्रम में ७७ विद्यार्थियों के सापेक्ष ४६ मोबाइल टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य योगेश कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को मोबाइल टैबलेट के माध्यम से सूचना के नए स्रोतों तक अपनी पहुंच बनाने और उसको अपने जीवन में उतारने का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विद्यार्थियों का परिचय कराते हुए सूचना तकनीक और ज्ञान के नए आयामों पर चर्चा की। सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉ० महेंद्र कुमार, डॉ० विनीत गर्ग, डॉ० अवधेश कुमार सिंह, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, डॉ० संदीप कुमार सिंह, नवीन तोमर, कृष्ण कुमार, डॉ विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, डॉ० हरीश कसाना, श्याम प्रकाश, शशि कपूर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर सभासद अनिमेश अगस्तीन भी मौजूद रहे।

**09-Aug-2024-** Kakori Train Action Shatabdi Mahotsava

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्षगांठ पर शहीदों को किया याद



गुलावठी। (प्रशांत सेन मंगवाने) नगर के डीएनपीजी कॉलेज में शुक्रवार को देश के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटना काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर कॉलेज में ध्वजारोहण किया गया तथा छात्र-छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना की जानकारी दी। बाद में नगर के शहीद स्मारक पर जाकर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर क्रांतिकारियों व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजक हरिदत्त शर्मा ने कहा कि उत्सव का उद्देश्य उन क्रांतिकारियों के साहस और बलिदान को याद करना था जिन्होंने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देने का साहस किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कॉलेज प्राचार्य प्रो.योगेश कुमार त्यागी, हरिदत्त शर्मा, डॉ.पीयूष त्रिपाठी, डॉ.विनीता गर्ग, डॉ.महेंद्र कुमार, नरेश कुमार, भवनीत सिंह बत्रा, अवधेश कुमार सिंह आदि शामिल रहें।

**14-Aug-2024-** Partition Horrors Remembrance Day observed

# देवनागरी विद्यालय में मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देश के विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों की स्मृति में आज 14 अगस्त 2024 को देवनागरी-महाविद्यालय में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने कहा कि विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं है। देश के लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति देकर बहुमूल्य आजादी मिली है। डॉ. महेन्द्र कुमार ने कहा कि देश का दो टुकडो में बंट जाने का दर्द लाखों परिवारों में आज भी गहरे जख्म की तरह जीवित है। हरिदत्त शर्मा ने कहा कि देश के बंटवारे ने लोगों को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व मानसिक रूप झकझोर दिया था। इस अवसर पर अतुल तोमर, विनीता गर्ग, महेन्द्र कुमार, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, नरेश कुमार, डॉ. विनय कुमार सिंह, नवीन तोमर, हरीश कुमार कसाना व श्याम प्रकाश तथा अनेक छात्र उपस्थित रहे।



**14-Aug-2024-** Poetry recitation competition organized in memory of the brave martyrs and freedom fighters of independence

## काव्य पाठ प्रतियोगिता में जिया ने बाजी मारी



पाठ करते अतिथि व छात्राएं। संवाद

**गुलावठी।** डीएनपीजी कॉलेज में भाषा एवं संस्कृति प्रकोष्ठ द्वारा काकोरी रेल एक्शन शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य पर आजादी के वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के नाम काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषा एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रभारी हरिदत्त शर्मा ने बताया कि काव्य पाठ में छात्रा जिया ने पहला, अर्पिता गोयल ने दूसरा व खुशनुमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर छात्रों ने स्वतंत्रता संग्राम व आजादी से जुडे नायकों पर आधारित कविताएं व गीत प्रस्तुत किए। कवि राजवीर सिंह तेवतिया ने आतंकवाद, भूरण-हत्या आदि विषयों पर मार्मिक कविताएं पेश कीं। संवाद

**23-Aug-2024-** One-day discussion organized on the eve of First National Space Day

# देवनागरी महाविद्यालय गुलावठी में एक दिवसीय परिचर्चा का हुआ आयोजन



**गौरव शर्मा,कंट्रोल इंडिया न्यूज ब्यूरो,गुलावठी, बुलंदशहर।**

दिनांक 23-08-24 को भारत के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 के उपलक्ष में देवनागरी महाविद्यालय गुलावठी में एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा की थीम 'चांद को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा' रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को पहचानने का एक अवसर है। यह परिचर्चा विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करेगा तथा उनका ज्ञानवर्धन करेगा। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ विनीता ने कहां की आज ही के दिन पिछले वर्ष भारत के चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के 'शिव शक्ति' बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग की गई तथा चंद्र सतह पर प्रज्ञान रोवर को तैनात किया गया था। भौतिक विभाग विभाग अध्यक्ष नरेश कुमार ने भारत के अंतरिक्ष अभियानों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने भारत के भावी मिशन गगनयान-1 के बारे में बताया जिसके तहत 3 सदस्यों के दल को तीन दिन की मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेज कर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन और उन्हें सुरक्षित वापस लाना है। गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम प्रकाश ने कहा कि चंद्रयान मिशन 3 के सफल होते ही भारत विश्व में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला प्रथम देश बन गया है। इस परिचर्चा में कई विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ महेंद्र कुमार, हरिदत्त शर्मा आदि शिक्षक तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**29-Aug-2024-** National Sports day observed in college

# डीएन डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित की गई विविध खेल प्रतियोगिता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** प्रतियगिता में यथा - रस्साकसी, शतरंज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।



इस शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में बालक वर्ग में प्रियांशु, कुनाल, हिमांशु, सूरज, उमेश, सौरभ आदि तथा बालिका वर्ग में कुमकुम, सोबिया, नाजिया, ज्योति, साजिया, खुशी तोमर तथा महक सैनी आदि प्रमुख रहे। बालक वर्ग में कुनाल एवम् बालिका वर्ग में कुमकुम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रस्साकसी प्रतियोगिता में दो टीम बनाई गई प्रथम टीम में छात्रा मानवी (कैप्टन) ज्योति तेवतिया,खुशी तोमर,नाजिया, कशिश, अंशु, कशिश शर्मा, सपना, लवी कुमारी, सपना तथा द्वितीय टीम में गरिमा शर्मा, गीतांजलि(कैप्टन), विशाखा, सोनू, डॉली, निवेदिता, जिया, नेहा, प्रिया आदि रहीं। प्रतियोगिता में टीम गीतांजलि विजेता रही। कार्यक्रम में डा अवधेश कुमार, डा विनीता गर्ग, नवीन तोमर, अतुल तोमर, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, डॉ संदीप कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार सिंह, भवनीत बत्रा, कृष्ण कुमार, डॉ हरीश कसाना,शशि कपूर, श्याम प्रकाश आदि तथा विभिन्न छात्र -छात्रा उपस्थित रहे ।

**31-Aug-2024-** Drawing competition organized under "Swachh Pathshala 2.0"

# स्वच्छ पाठशाला 2.0" के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी ( सैय्यद मजहर ) ।** डी.एन.पी.जी. कॉलेज, में शासन के



कार्यक्रम एस.एस. 2024 स्वच्छ पाठशाला 2.0 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता एवं बेकार पड़ी वस्तुओं से राखी बनाना थीम पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन 'स्वच्छ सारथी क्लब' एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से कराया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में इकरा, अलीशा एवं सुमैया को क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय घोषित किया गया ।

राखी प्रतियोगिता में नेहा , निवेदिता एवं खुशनुमा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक तथा विधार्थी उपस्थित रहे।

**07-Sep-2024-** Vidyarambh Program organized in college

# विद्यारंभ कार्यक्रम में मेधावी किए सम्मानित

संवाद सहयोगी, जागरण • गुलावठी: देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में नए सत्र प्रारंभ के अवसर पर विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



देवनागरी महाविद्यालय में छात्रा को पुरस्कृत करते प्राचार्य प्रो .योगेश त्यागी • सौ.कालेज

कार्यक्रम में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का भारतीय परंपरा के अनुसार सीनियर विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर एवं उपहार देकर स्वागत किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि ग्रीष्मावकाश के बाद अगले ही दिन से महाविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं में पठन-पाठन आरंभ कर दिया था। यह विद्यार्थियों के प्रति महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मंडल की प्रतिबद्धता और कर्तव्य निष्ठा को दर्शाता है। सांस्कृतिक परिषद् के मुख्य संयोजक डा.पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को प्राचीन भारत की गुरु-शिष्य परंपरा से परिचित कराते हुए 'निरंतर सीखते रहने' का संदेश दिया। राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पीयूष त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को कवि दुष्यंत कुमार की कविताओं को सुनाकर देश प्रेम के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्विज, गायन तथा कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर छात्रा सुमैया प्रथम, अलीशा द्वितीय तथा फिजा खान तृतीय स्थान पर रहीं। अतुल तोमर, डा.अवधेश कुमार सिंह, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, संदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, विनय कुमार सिंह, नवीन तोमर, शशि कपूर, श्याम प्रकाश आदि प्राध्यापकों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

**11-Sep-2024-** Students sensitized about Road Safety through Awareness Campaign videos

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**गुलावठी (हरीश सैनी)।**

देवनागरी महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक कार्यक्रम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा वाहन के द्वारा डिजिटल स्क्रीन पर यातायात तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न वीडियो दिखाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को यातायात से संबंधित नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा यातायात के नियमों का पालन करने से हमारी सड़क पर सुरक्षा होती है। एवं दुर्घटना होने से बचाव होता है। कार्यक्रम के प्रभारी महाविद्यालय के मुख्य नियंता नरेश कुमार ने विद्यार्थियों से सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, अनावश्यक तेज आवाज में हहर्न बजाने से बचने तथा बाइक में तेज आवाज वाले साइलेंसर न लगवाने की अपील की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर अतुल तोमर, डॉ महेंद्र कुमार डॉ पुष्येंद्र कुमार मिश्र, डॉ अवधेश कुमार सिंह, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, डॉ संदीप कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ हरीश कसाना, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश आदि शिक्षक तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**13-Sep-2024-** Online workshop organized on the topic "Bhartiya Gyan Parampara, Aavashyakta evam Kriyanvayan"

# भारतीय ज्ञान परंपरा समृद्धः प्रो. सीमा

## डीएनपीजी कॉलेज में ऑनलाइन कार्यशाला में वक्ताओं ने रखे विचार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुलावठी।** डीएनपीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा, आवश्यकता एवं क्रियान्वयन विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद की रसायन शास्त्र की प्रो. सीमा कोहली ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध है। यह अखंड भारत को प्रदर्शित करती है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में वेद, वेदांग, पुराण, वास्तुशास्त्र, ज्योतिष शास्त्र आदि अक्षय ज्ञान के स्रोत हैं। वेदों के परिचय को बताते हुए कहा कि ये एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन दर्शन हैं।

**वक्ताओं ने वेद, वेदांग, पुराण वास्तुशास्त्र का महत्व बताया**

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी ने कहा कि भारतवर्ष सदियों से ज्ञान का पर्याय रहा है। भारतीय दर्शन, ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म, गणित, साहित्य आदि सभी विश्व के सिरमौर रहे हैं। महाविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि वैदिक काल से ही भारतीय संस्कृति ज्ञान का स्रोत है।

कार्यशाला के संयोजक तथा संचालक डॉ. हरीश कसाना ने कहा कि अपनी संस्कृति का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है।

संस्कृति से ही व्यक्ति की पहचान होती है। प्रो. अतुल तोमर, डॉ.पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, डॉ.अवधेश कुमार सिंह, डॉ.संदीप कुमार सिंह, प्रो भवनीत सिंह बत्रा, डॉ विनय कुमार सिंह, प्रो.कृष्ण कुमार आदि ऑनलाइन मौजूद रहे।

**14-Sep-2024**- College celebrates Hindi Diwas

# हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया एक संगोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी महाविद्यालय में आयोजित इस संगोष्ठी का विषय ' नई सदी में हिंदी की संभावनाएं और चुनौतियां ' रहा । संगोष्ठी का आरंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा मुख्य अतिथि को शॉल औढ़ाकर किया गया । संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि हिंदी की शब्दावली में सहजता और निजता का गुण विद्यमान है । मातृ भाषा होने के कारण ही नही अन्य भाषाओं का अध्ययन एवम् व्यवहार करने पर भी यही अनुभव होता है कि जो बात जितनी सरलता एवम् आत्मीयता से निज भाषा हिंदी में कही अथवा समझी जा सकती है, वह अन्य भाषा में अनुभूत नही होती है । उन्होंने बताया कि हमें अन्य भाषा की शब्दावली को स्वीकार कर लेना चाहिए । जो भाषा जितना अधिक समायोजन करने की क्षमता रखती है, वह उतना ही जीवंत होती है । भाषा सरल होनी चाहिए । भाषा के विकास और विस्तार में भाषा शिक्षकों की जिम्मेदारी अधिक है । इस इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने हिंदी के विषय में अपने-अपने विचार प्रकट किए । इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर जय प्रताप सिंह, प्रोफेसर पियूष त्रिपाठी, डॉ महेंद्र कुमार, प्रोफेसर भवनीत बत्रा , डॉ संदीप कुमार, डॉ हरीश कसाना,प्रो अतुल तोमर, डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रो कृष्ण कुमार, प्रो शशि कपूर, प्रो श्याम प्रकाश तथा स्नातक के छात्र छात्रा उपस्थित रहे ।

**23-Sep-2024-** College celebrates birth anniversary of Ramdhari Singh Dinkar

# जी न्यूज इंडिया न्यूज एजेंसी

www.gnewsindia.in
UP58D0005656 Contact no- 7060000285,286,287
Email- gnewsindiatv@gmail.com Subscription 500₹per month

23-09-2024 दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, G NEWS इंडिया उत्तरप्रदेश, हरियाणा,, छत्तीसगढ़,,राजस्थान

## देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती बनाई गई



ज़ी न्यूज इंडिया ब्यूरो राजीव अग्रवाल



राष्ट्रीय गौरव अवार्ड- 2024 से सम्मानित हुए बागपत के विपुल जैन*देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती बनाई गई*

ज़ी न्यूज इंडिया ब्यूरो राजीव अग्रवाल
गुलावठी

देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, बुलंदशहर के हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनाई गई। इस शुभ अवसर पर 'दिनकर काव्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि दिनकर की कविताएं विविध आयामी है। उनकी कविताएं हमें राष्ट्रीयता की ओर प्रेरित करती हैं। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि साहित्यकार जनता को जागरुक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जेपी आंदोलन में इनके द्वारा रचित कविता 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' आंदोलन की प्रेरणा स्रोत रही। 1962 में भारत चीन युद्ध के बाद 'हिमालय' नामक कविता में लिखते हैं-"रे रोक युधिष्ठिर को न यहाँ, जाने दे उनको स्वर्ग धीर। पर, फिरा हमें गांडीव गदा, लौटा दी अर्जुन भीम वीर। कह दे शंकर से, आज करें, वे प्रलय नृत्य फिर एक बार। सारे भारत में गूँज उठे, हर हर हर बम का महोच्चार।" इस अवसर पर रितिका, प्राची खारी, आँचल आदि छात्राओं ने भी उनकी कविताओं का वाचन किया।

भवनीत सिंह बत्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह ने कार्यक्रम संचालन एवं उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राध्यापक हरिदत्त शर्मा, कृष्ण कुमार, डॉ. विनय कुमार सिंह तथा अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**26-Sep-2024-** Indian Standards Bureau organizes Quality Connect Programme in College

# भारतीय मानक ब्यूरो ने डीएनपीजी कॉलेज में किया क्वालिटी कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन





**गुलावठी (हरीश सैनी)।**

नगर के देवनागरी डिग्री कॉलेज में भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से क्वालिटी कनेक्ट अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक विक्रांत के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय मानक ब्यूरो के सहायक निदेशक रसोजीत चोंगदर, वरिष्ठ सहायक आकाश कुमार यादव, हॉलमार्किंग कोऑर्डिनेटर तरुण दीक्षित एवं नवदीप सामाजिक विकास संस्था के राष्ट्रीय संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक रसोजीत चोंगदर ने कॉलेज द्वारा चयनित ५० छात्र-छात्राओं को मानक मित्र के रूप में क्वालिटी कनेक्ट अभियान का प्रशिक्षण देकर कहा कि समाज में उपभोक्ताओं को गुणवत्ता के प्रति सचेत एवं जागरूक किया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा विभिन्न वस्तुओं पर आईएसआई मार्क सोने के जेवरों पर हहल मार्क एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर सीआरएस मार्क के माध्यम से गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाता है। नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के राष्ट्रीय संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने सोने के जेवरों पर होने वाले हॉल मार्क के साथ अन्य वस्तुओं की गुणवत्ता बीआईएस केयर एप के माध्यम से जांचने की जानकारी भी दी। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से टी-शर्ट, कैप व बैज का वितरण भी किया गया। वरिष्ठ सहायक आकाश कुमार यादव ने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता का महत्व समझाया।

गौरतलब है कि १४ अक्टूबर विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विभिन्न जिलों में उपभोक्ता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम क्रम में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके तहत कॉलेज के ५० मानक मित्र समाज में जाकर उपभोक्ताओं को जागरुक कर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं खरीदने के संबंध में आवश्यक प्रचार प्रसार करेंगे। इस दौरान भारतीय मानक ब्यूरो के अमन कुमार, कॉलेज प्रवक्ता डॉ.पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, डॉ.विनय कुमार, डॉ. विनीत गर्ग, डॉ. हरिदास शर्मा, डॉ. हरीश कुमार, डॉ.नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवदीप संस्था की मिलिंद रानी ने किया। कार्यक्रम संयोजक पीयूष त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को गुणवत्ता अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।

**29-Sep-2024-** NSS volunteers take Swachhta pledge

# एन एस एस स्वयंसेवकों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



**गौरव शर्मा कंट्रोल इंडिया ब्यूरो गुलावठी बुलंदशहर।**

आज दिनांक 28.09.24 देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एन एस एस स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई ।एक संदेश के माध्यम से महाविद्यालय प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि स्वच्छता के प्रति समर्पित होने से बीमारियों से बचाव होता है। स्वच्छता में श्रमदान करें तथा अन्य को भी श्रमदान हेतु प्रेरित करें । स्वच्छता अपनाने से विभिन्न बीमारियों से बचाव किया जा सकता है । स्वच्छता के अभियान को अपनाकर गांधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार किया जा सकता है । उन्होंने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं। रसायन शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ विनीता गर्ग ने छात्रों को साफ सफाई का महत्व बताया तथा कहा कि स्वच्छता को अपनाएं तथा अपनाने के लिए अन्य को प्रेरित भी करें । उन्होंने नारा दिया - स्वच्छ जीवन स्वस्थ जीवन |महाविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि भारतवर्ष में गांधी जी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष स्वच्छता पखवाड़ा,सप्ताह आदि चलाए जाते हैं । केंद्र एवम् राज्य सरकार द्वारा अपने अपने स्तर पर स्वच्छता संबंधी विविध कार्यक्रम चलाए जाते हैं। रसायनशास्त्र विभाग के डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमेशा स्वयं से प्रारंभ होती है । हमें स्वयं के प्रति समर्पित होकर स्वच्छता के प्रति समर्पण करना चाहिए । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरीश कसाना ने स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया तथा उपस्थित स्वयं सेवकों को स्वच्छता अभियान की सप्ताह भर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा बताया कि स्वच्छता की यह शपथ प्रतीक मात्र नहीं है, हमें स्वच्छता अभियान को अपने जीवन में अनुकरण करना है। महाविद्यालय स्तर पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विविध टोलियां बनाकर कार्यक्रम चलाया जाएगा । कार्यक्रम में अतुल तोमर, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, डॉ अमित कुमार तथा विभिन्न स्वयं सेवक उपस्थित रहे ।

**30-Sep-2024-** Traffic Police conducts one-day traffic awareness event in college

# 18 वर्ष के सभी छात्र-छात्राएं अपना वैध लाइसेंस बनवाए तथा हेलमेट पहनकर ही सफर करें: प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी महाविद्यालय में आयोजित यातायात पुलिस तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया गया।

यातायात उपनिरीक्षक राजीव कुमार ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा की गाड़ी निर्धारित स्पीड से ज्यादा ना चलाएं। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। किसी भी स्थिति में रॉन्ग साइड गाड़ी ना चलाएं। गाड़ी चलाते समय वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट तथा बीमा को अवश्य अपने पास रखें तथा समय-समय पर इनका नवीनीकरण कराते रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा 18 वर्ष के सभी छात्र और छात्राएं अपना वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर ही गाड़ी चलाएं तथा महाविद्यालय में हेलमेट के साथ ही प्रवेश करें।

कार्यक्रम के संयोजक पीयूष त्रिपाठी ने कहा की भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन का अधिकार प्रदान किया गया है। इस अधिकार को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन अनिवार्य है।

कार्यक्रम का संचालन तथा आभार ज्ञापन डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉ विनीता गर्ग, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, डॉ हरीश कुमार कसाना हेड कांस्टेबल अनित कुमार तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**https://dnpgcollege.ac.in/newsletter**

## Contact


**Devanagari Post Graduate College**
Gulaothi, Distt. Bulandshahr (U.P.) – 203408

**Phone:** (05732) 229052

**Email:** dnpgcgulaothi@gmail.com

**Google Map Location:** https://goo.gl/maps/JUmeTjymETudMEp77